an>

Title: Need to release balance fund sanctioned for development of tourism in Godwad circuit in Rajasthan.

श्री पी.पी. चौधरी (पाली)ः मैं सरकार के संज्ञान में लाना चाहूंगा कि पर्यटन को ध्यान में रखते हुए पश्चिमी राजस्थान के गोडवाड सर्किट के जिले पाली, जालोर व सिरोही के पर्यटन विकास की परियोजना भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की गई थी। इस परियोजना हेतु 643.19 लाख रुपए की धनराशि का आवंटन किया गया था जिसकी प्रथम किश्त के रूप में अभी तक 128.63 लाख रुपए ही जारी किए जा चुके हैं। आवंटित धनराशि का व्यय राजस्थान पर्यटन विकास निगम एवं पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा कराया जा चुका है। शेष धनराशि भारत सरकार से प्राप्त होने पर गोडवाड सर्किट का कार्य पूर्ण हो सकेगा। इस परियोजना से मेरे लोक सभा क्षेत्र के विश्व प्रसिद्ध रणकपुर, नरवारिया और जंवाई बांध क्षेत्र के साथ कोटरा व नरोवी बावड़ियों का विकास होने के साथ-साथ अनेक पुरातत्व स्थलों व विरासतों का संरक्षण किया जा सकेगा जिसमें नाडोल व घानेराव व नीमज भी शामिल है।

अतः मेरा माननीय पर्यटन मंत्री जी से अनुरोध है कि पश्चिम राजस्थान के पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु गोडवाड सर्किट विकास योजना की बकाया धनराशि 520.56 लाख रुपए स्वीकृत करने की कृपा की जाए जिसका प्रस्ताव राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को भेजा जा चुका है।